भारत का सबसे बड़ा बैंक अब राष्ट्र के सबसे बड़े युद्धपोत के साथ

आईएनएस विक्रिमादित्य जो भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत और नवीनतम विमान वाहक है | इसकी क्षमता 1500 से अधिक कर्मियों (personnel) को ले जाने की है | एक बहुमुखी राष्ट्रीय क्षमता और स्वयं में एक पूरण आबादी से युक्त, इस जहाज में एक नया समावेश किया गया है | गौरतलब है कि इस जहाज में भारत के सबसे बड़े बैंक और बैंकिंग नेटवर्क, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा एक एटीएम मशीन को प्रतिष्ठापित किया गया है |

प्रमुख बिंदु :

- ध्यातव्य है, कि अपने तरह की पहली इस एटीएम मशीन का उद्घाटन 21 जनवरी 2017 को कर्नाटक नौवहन क्षेत्र और राष्ट्रीय बैंकिंग समूह स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से एक नौवहन बेस कारवार (karwar) में किया गया था |
- स्पष्ट है, कि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा जहाज को पेश की गयी सुविधाओं में नकद निकासी, मिनी स्टेटमेंटों को उत्पन्न करना, बैंक बैलेंस विवरण तक पहुँच तथा पिन संख्या में परिवर्तन करना आदि शामिल हैं।
- अतः निकट भविष्य में, इस सुविधा को नकद जमा सुविधा युक्त एक पुनरचक्रीय (recycler) मशीन द्वारा उन्नत किया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त अन्य सुविधाएँ जैसे नकद अंतरण, कार्ड से कार्ड में हस्तांतरण, क्रेडिट कार्ड भुगतान, मोबाइल संख्या का नामांकन और उनका अद्यतनीकरण भी उपलब्ध होगा |
- ज्ञातव्य है, कि यह भारतीय नौसेना का स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन है जो कि रक्षा क्षेत्र के वेतन पैकेजों का संचालन करता है |
- वस्तुतः भारत के सबसे बड़े युद्धपोत और सबसे बड़े बैंकिंग नेटवर्क का यह संयुक्त उद्यम नौसेना तथा बैंक के मध्य आगे भी साझेदारी को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा |
- इसके साथ ही यह दो संगठनों द्वारा साझा किए जाने वाले पारस्परिक सम्बन्धों को भी रेखांकित करता है|
- जहाज में लगी यह एटीएम मशीन एक असाधारण चल बैंकिंग प्रणाली है तथा पॉइंट ऑफ़ सेल मशीन (जिसे प्रतिष्ठापित किया जाना भी प्रस्तावित है) के साथ ही, यह सरकार की भारतीय अर्थव्यवस्था को डिजिटिलीकृत करने की नीति के माध्यम से जहाज में नकदरहित लेन-देन का समर्थन करेगी|
- यह एटीएम मशीन चालक दलों के लिए पहले से ही उपलब्ध सुख-सुविधाओं और साधनों में अन्य प्रकार के लाभों को भी जोड़ेगी|
- परिणामतः यह एटीएम मशीन, जहाज के कर्मियों को उनकी घरेलू वित्तीय आवश्यकताओं को अच्छी तरह से प्रबंधित करने तथा उनकी सुविधानुसार उनके धन के लेन-देन का संचालन करने में भी सक्षमता प्रदान करेगी|

निष्कर्ष रूप में , यह गर्व का विषय है कि भारतीय नौसेना सबसे बड़े भारतीय बैंक (स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया) के साथ जुड़ी है | यह भारतीय नौसेना तथा एसबीआई के लिए गौरवशाली ऐतिहासिक उपलब्धि है | ये दोनों संगठन राष्ट्रीय उपलब्धियों के प्रतीक हैं तथा यह सहयोग देश के डिजिटिलीकरण के पदचिन्हों को भारतीय तटों से परे नॉटिकल मील की दूरी तक विस्तारित कर देगा |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-largest-bank-with-the-nation-largest-warship